Date 01.02.2009

छत्तीसगढ़ विधान सभा

जनवरी-फरवरी, 2009 सत्र

दैनिक कार्य सूची

सोमवार, दिनांक 2 फरवरी, 2009 (माघ-13, 1930)

समय 11:00 बजे दिन

1. निधन का उल्लेख

1. श्री आर. वेंकटरमण, पूर्व राष्ट्रपति
2. श्री लखीराम अग्रवाल, पूर्व राज्य सभा सदस्य
3. श्री पंढरीराव कृदत्त, अविभाजित म.प्र. विधान सभा के पूर्व सदस्य

2. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3. पत्रों का पटल पर रखा जाना

डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री, भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के खण्ड (2) की अपेक्षानुसार भारत के नियंत्रक- महालेखापरीक्षक से प्राप्त -

(i) विनियोग लेखे वर्ष 2007-2008 (छत्तीसगढ़ सरकार) तथा

(ii) वित्त लेखे वर्ष 2007-2008 (छत्तीसगढ़ सरकार) पटल पर रखेंगे.

4. राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना

5. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) सर्वश्री नंदकुमार पटेल, रविन्द्र चौबे, रविशंकर त्रिपाठी, सदस्य, हाथियों द्वारा जानमाल को नुकसान पहुंचाए जाने की ओर वन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री देवजी पटेल, सदस्य, रायपुर शहर में जवाहरलाल नेहरू शहरी नवीनीकरण योजना का क्रियान्वयन न किये जाने की ओर नगरीय प्रशासन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

6. वर्ष 2008-2009 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन

डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री, वर्ष 2008-2009 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन करेंगे.

रायपुर

दिनांक 1 फरवरी, 2009

देवेन्द्र वर्मा
सचिव,
छत्तीसगढ़ विधान सभा